गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेंस में 'हिंदी व्याख्यान श्रृंखला' के अंतर्गत 19 सितंबर 2025 को व्याख्यान आयोजित हुआ

निःशुल्क विधिक सहायता केंद्र एवं प्रो बोनो क्लब स्कूल ऑफ लॉ, जस्टिस एंड गवर्नेंस गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध जनपद और सत्र न्यायालय, गौतम बुद्ध नगर (उ.प्र.) के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 19 सितम्बर 2025 को 'विधिक प्रणाली में भारतीय भाषाओं का महत्व एवं आवश्यकताः विशेष संदर्भ :हिन्दी' विषय पर व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ. के.के. द्विवेदी के गर्मजोशी भरे स्वागत भाषण से हुई, इसके उपरांत भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. दिवाकर गरवा ने मुख्य अतिथि का संक्षिप्त परिचय दिया । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रो. अजमेर सिंह काजल, प्रोफ़ेसर, जेएनयू का विचारोत्तेजक भाषण था, जिन्होंने हिंदी की संवैधानिक स्थिति, राजभाषा के स्वरूप और हिंदी दिवस के महत्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला । डॉ. प्रियंका सिंह, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ़ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेन्स द्वारा सुंदर काव्य पाठ और डॉ. रेनू यादव, सहायक प्राध्यापक, भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग द्वारा मनोरम कहानी पाठ सुनने का भी आनंद मिला। विधि संकाय के द्वितीय वर्ष के छात्र अभिराज ने हिंदी भाषा और साहित्य पर अद्भुत भाषण दिया, शौर्य ने कविता पाठ और राधिका ने दुष्यंत कुमार की भावपूर्ण गजल प्रस्तुति के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। द्वितीय वर्ष की ही छात्रा दिव्यांशी के अमीर खुसरो के गीतों के गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। डॉ. संतोष कुमार तिवारी, विभागाध्यक्ष, स्कूल ऑफ़ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेन्स ने धन्यवाद ज्ञापन द्वारा सभी अतिथियों और आयोजक समिति के प्रति कृतज्ञता प्रकट किया। इस कार्यक्रम की संयोजक डॉ. प्रियंका सिंह, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ़ लॉ जस्टिस एंड गवर्नेन्स रहीं। विद्यार्थी पलक और शौर्य ने सम्पूर्ण कार्यक्रम का बहुत सुंदर संचालन किया। विधि विभाग के संकायाध्यक्ष डॉ. के.के. द्विवेदी तथा विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न यह हिंदी दिवस व्याख्यान श्रृंखला छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा जिसने हिंदी भाषा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा दिया और उसका उत्सव मनाया।

इस कार्यक्रम में विधि और हिंदी विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य - डॉ रमा शर्मा, डॉ पूनम वर्मा, डॉ विभावरी, डॉ अपर्णा, डॉ संगीता, डॉ अखिलेश, डॉ अनिता यादव, सुश्री यामिनी मिश्रा, श्री सागर, श्री पवन यादव, श्री दीपक, श्री अंशुमाकर दूबे, श्री रवि प्रकाश राहुल शामिल रहे।